www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 04/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Arithmetic**

**Q.1** यदि A किसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकता है और B उसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकता है, तो A और B दोनों को एक साथ कार्य पूरा करने में कितने दिन (दशमलव के निकटतम दो स्थानों तक पूर्णांकित) लगेंगे?

**Ans**
✗ 1. 6.99 दिन
✓ 2. 8.57 दिन
✗ 3. 7.25 दिन
✗ 4. 9.01 दिन

**Q.2** एक खुदरा विक्रेता ने 20% और 10% की दो क्रमिक छूट देकर एक लैपटॉप ₹27,000 में बेचा। लैपटॉप का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. ₹37,000
✓ 2. ₹37,500
✗ 3. ₹36,000
✗ 4. ₹36,500

**Q.3** अन्वेषा दो हैंडबैग बेचती है, जिसमें एक हैंडबैग पर 18% लाभ प्राप्त होता है और दूसरे हैंडबैग पर 18% हानि होती है। यदि प्रत्येक हैंडबैग का विक्रय मूल्य ₹450 है, तो समग्र लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 2.34% हानि
✗ 2. 2.34% लाभ
✗ 3. 3.24% लाभ
✓ 4. 3.24% हानि

**Q.4** 10 संख्याओं का योगफल 252 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 23.2
✗ 2. 26.2
✗ 3. 24.2
✓ 4. 25.2

**Q.5** दो संख्याएँ 7 : 8 के अनुपात में हैं। यदि उनका HCF, 4 है, तो बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 28
✗ 2. 56
✗ 3. 8
✓ 4. 32

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.6 एक दुकानदार ने एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 14% छूट की घोषणा की है। यदि वस्तु का विक्रय मूल्य ₹688 है, तो वस्तु का अंकित मूल्य कितना होगा?

Ans
1. ₹500
2. ₹800 ✔
3. ₹700
4. ₹600

Q.7 हल कीजिए: 2 × {17 - 2 × (11 -4)}

Ans
1. 10
2. 6 ✔
3. 5
4. 3

Q.8 अनिल किसी कार्य को 4 घंटे में कर सकता है। अशोक उस कार्य को 8 घंटे में कर सकता है। रॉबिन की सहायता से, उन्होंने 2 घंटे में कार्य पूरा कर लिया। रॉबिन अकेले उस कार्य को कितने घंटे में पूरा कर सकता है?

Ans
1. 9
2. 10
3. 8 ✔
4. 7

Q.9 $\left(\frac{1}{10} \div \frac{16}{100}\right)$ of $\frac{3.2}{0.4} + 120 \div 4$ of $3 \times 10$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 100
2. 105 ✔
3. 90
4. 110

Q.10 चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 6, 20, 33 और 66 से विभाजित करने पर शेषफल के रूप में क्रमशः 2, 16, 29 और 62 प्राप्त होता है।

Ans
1. 9896 ✔
2. 9904
3. 9236
4. 9698

Q.11 यदि ब्याज वार्षिक रूप से चक्रवर्धित किया जाता है, तो ₹17,280 की धनराशि 2 वर्षों में किस वार्षिक प्रतिशत दर (दशमलव के ठीक एक स्थान तक) पर ₹23,520 हो जाएगी?

Ans
1. 16.4%
2. 15.4%
3. 16.7% ✔
4. 15.9%

Q.12 एक शंक्वाकार पात्र की ऊँचाई 7 cm है। यदि उसकी धारिता 6.6 लीटर दूध की है, तो उसके आधार का व्यास ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 25 cm
2. 21 cm
3. 30 cm ✔
4. 15 cm

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.13 यदि 10 रेनकोट का विक्रय मूल्य, 12 रेनकोट के क्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 12%
✗ 2. 15%
✗ 3. 16%
✓ 4. 20%

Q.14 ₹35,000 की धनराशि पर 3 वर्षों के लिए 12% की दर से साधारण ब्याज और वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹1,725.84
✓ 2. ₹1,572.48
✗ 3. ₹1,527.48
✗ 4. ₹1,752.84

Q.15 जितेश और कमल किसी निश्चित कार्य को क्रमशः 7 और 11 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया और 3 दिनों के बाद, कमल ने कार्य छोड़ दिया। जितेश शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans
✗ 1. $\frac{164}{78}$
✗ 2. $\frac{161}{79}$
✗ 3. $\frac{162}{77}$
✓ 4. $\frac{161}{77}$

Q.16 रेलगाड़ी A, स्टेशन M से 7:35 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन N पर 2:35 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी B, स्टेशन N से 9:35 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन M पर 2:35 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 7:34 AM
✗ 2. 11:18 AM
✓ 3. 11:40 AM
✗ 4. 7:57 PM

Q.17 यदि वर्ग का परिमाप 64 $cm^2$ है, तो वर्ग की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 18 cm
✓ 2. 16 cm
✗ 3. 12 cm
✗ 4. 14 cm

Q.18 मान निकालिए:

$$\sqrt{\left(20+\sqrt{\left((22+\sqrt{\left(2+\sqrt{\left(40+\sqrt{(81)}\right)}\right)}\right)}\right)}$$

Ans
✗ 1. 6
✓ 2. 5
✗ 3. 7
✗ 4. 9

Q.19 प्रथम 121 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 121 ✔
2. 121.5 ✘
3. 122 ✘
4. 120.5 ✘

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.20 एक संख्या में पहले 12% की वृद्धि की जाती है, और फिर प्राप्त वर्धित संख्या में 8% की कमी की जाती है। शुद्ध वृद्धि या कमी प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3.04% कमी ✘
2. 3.04% वृद्धि ✔
3. 2.08% कमी ✘
4. 2.08% वृद्धि ✘

Q.21 तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 1 : 9 : 8 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 11 माह, 6 माह और 2 माह के लिए निवेश की। उनके लाभों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8:54:16 ✘
2. 12:54:16 ✘
3. 11:54:16 ✔
4. 9:54:16 ✘

Q.22 $8.15 \times 0.35 - 2.36 \times 0.8 + 1.07 - 0.5 \times 0.8 - 2.56$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. −0.6354 ✘
2. −0.4356 ✘
3. −0.2235 ✘
4. −0.9255 ✔

Q.23 एक दौड़ में, एक एथलीट पहले चक्कर में 438 m की दूरी 146 सेकंड में तय करता है। वह समान लंबाई का दूसरा चक्कर 73 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 11 ✘
2. 10 ✘
3. 4 ✔
4. 6 ✘

Q.24 मोहन ने एक दुकान से ₹1130 में 52 किताबें खरीदीं और दूसरी दुकान से ₹920 में 44 किताबें खरीदीं। प्रति किताब के लिए उसके द्वारा भुगतान किया गया औसत मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
1. 1023.75 ✘
2. 1033.75 ✔
3. 1043.75 ✘
4. 1048.75 ✘

Q.25 हल कीजिए: $2 \times \{17 - 2 \times (8 - 6)\}$

Ans
1. 30 ✘
2. 23 ✘
3. 26 ✔
4. 25 ✘

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.26 42 km/h की चाल से चलने वाली एक बस 20 घंटे में एक यात्रा पूरी करती है। 12 घंटे में समान दूरी को तय करने के लिए उसे किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
1. 73 km/h
2. 68 km/h
3. 80 km/h
4. 70 km/h

Q.27 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 75 है और तीसरी संख्या 122 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए?

Ans
1. 192.5
2. 191.5
3. 197
4. 198

Q.28 30 लीटर मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 3 : 2 है। इस मिश्रण को 1 : 1 अनुपात में बनाने के लिए मिलाए जाने वाले पानी की मात्रा ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2
2. 6
3. 7
4. 9

Q.29 'K' के किस मान के लिए, संख्या 6745K2, 9 से विभाज्य होगी?

Ans
1. 2
2. 4
3. 3
4. 1

Q.30 यदि एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 24% कम कर दी जाती है तथा इसकी ऊंचाई 262% बढ़ा दी जाती है, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक) क्या होगी?

Ans
1. 83%
2. 137%
3. 109%
4. 91%

Q.31 ₹682 की राशि को तीन व्यक्तियों के बीच 18 : 3 : 9 के अनुपात में वितरित किया जाता है। वितरण में सबसे बड़े और सबसे छोटे हिस्से के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 406
2. 341
3. 421
4. 345

Q.32 एक 815 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 2.7 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 18 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 162.2
2. 155.2
3. 157.5
4. 160.3

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.33 दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। अजय, प्रत्येक बैंक से ₹340000 की राशि उधार लेता है। 3 वर्ष बाद अजय द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों (₹ में) के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 25000
2. 26500
3. 25500 ✔
4. 27000

Q.34 किसी संख्या के 9% का 2%, उस संख्या का कितना प्रतिशत है?

Ans
1. 0.18 ✔
2. 0.018
3. 11
4. 18

Q.35 एक खाली भंडारण टैंक में 60 लीटर पेट्रोल डालने के बाद भी यह 10% खाली रह गया था। भंडारण टैंक को भरने के लिए उसमें कितना पेट्रोल (लीटर में, दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) डालना होगा?

Ans
1. 61
2. 66.67 ✔
3. 65.67
4. 67.67

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(बाएं) @ 8 $ 7 3 6 & Ω 9 % + 5 4 2 # 1 * £ (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक अन्य प्रतीक है?

Ans
1. 1
2. 0 ✔
3. 3
4. 2

Q.37 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
SOL−IEB
EAX−UQN

Ans
1. CYV−SOL ✔
2. VQM−LHE
3. VQM−KGD
4. VRO−KHD

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर संख्या-समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूरा करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

LR35 NT42 PV49 RX56 ?

Ans
1. TZ63 ✔
2. TY63
3. TY64
4. TZ64


www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide


**Q.39** यदि निम्नलिखित समीकरण में '×' और '-' को तथा '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
56 – 20 + 5 × 41 ÷ 25 = ?


**Ans**
- ✗ 1. 263
- ✓ 2. 208
- ✗ 3. 226
- ✗ 4. 188


**Q.40** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नांकित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।





**Ans**

✗ 1.



✓ 2.



✗ 3.



✗ 4.



**Q.41** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. DE - GH
- ✗ 2. IJ - LM
- ✓ 3. VW - XY
- ✗ 4. LM - OP

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.42 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पंखे, दरवाजे हैं।
सभी दरवाजे, बैग हैं।
कोई भी पंखा, लाइट नहीं है।

निष्कर्ष:
I: कोई भी दरवाजा, लाइट नहीं है।
II: कोई भी बैग, लाइट नहीं है।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

✗ 2. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

✗ 3. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

✓ 4. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

Q.43 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से ZEBO का संबंध XGCN से है। उसी प्रकार, RMFK का संबंध POGJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, निम्नलिखित में से LSIH, किससे संबंधित है?

Ans
✗ 1. JUNG
✗ 2. KUJO
✗ 3. JJGH
✓ 4. JUJG

Q.44 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A = B' का अर्थ है 'A, B की बहन है',
'A $ B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A @ B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A * B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।

यदि 'M = W * R $ T @ K' है तो M का K से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पत्नी के पिता की माता
✗ 2. पत्नी की बहन
✗ 3. पत्नी की माता
✓ 4. पत्नी के पिता की बहन

Q.45 निम्नलिखित में से कौन-सा पद दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

SBL 13, VWO 17, YRR 21, BMU 25, ?

Ans
✗ 1. YIY 29
✗ 2. YYI 31
✗ 3. EXH 31
✓ 4. EHX 29

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.46 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ बकरियाँ, घोड़ा हैं।
सभी घोड़े, गाय हैं।
सभी गाय, हाथी हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी हाथी, बकरियाँ हैं।
(II) कुछ गाय, बकरियाँ हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.47 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(4, 5, 11)
(8, 6, 10)

Ans
✓ 1. (10, 7, 11)
✗ 2. (9, 5, 7)
✗ 3. (8, 5, 11)
✗ 4. (8, 7, 6)

Q.48 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

IFD LIE OLF ROG ?

Ans
✓ 1. URH
✗ 2. VRH
✗ 3. URI
✗ 4. VRI

Q.49 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. PUR
✓ 2. UZV
✗ 3. SXU
✗ 4. LQN

Q.50 केविन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए पूर्व की ओर 2 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 3 km उत्तर की ओर
✓ 2. 2 km दक्षिण की ओर
✗ 3. 4 km उत्तर की ओर
✗ 4. 1 km दक्षिण की ओर

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.51 G, H, J, K, L और P एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, उसके ऊपर की मंजिल की संख्या 2 है और इसी क्रम में ऊपर बढ़ते हुए सबसे ऊपरी मंजिल की संख्या 6 है। P और J के बीच में केवल तीन व्यक्ति रहते हैं, जबकि P, J के नीचे रहता है। K किसी विषम संख्या वाली मंजिल पर और P के ठीक ऊपर रहता है। G, L के नीचे किसी मंजिल पर और H के ऊपर किसी मंजिल पर रहता है। मंजिल संख्या 5 पर कौन रहता है?

Ans
✔ 1. L
✘ 2. P
✘ 3. G
✘ 4. K

Q.52 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DUST' को '3576' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'LUDO' को '2785' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'SALT' को '6438' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 3
✘ 2. 8
✘ 3. 6
✔ 4. 4

Q.53 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'LOAD' को '7624' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'DONE' को '9436' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'MALE' को '2573' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 7
✔ 2. 5
✘ 3. 2
✘ 4. 3

Q.54 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

343, 1296, 3125, 4096, 2187, ?

Ans
✘ 1. 1024
✘ 2. 512
✔ 3. 256
✘ 4. 128

Q.55 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न- चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

6 20 48 104 216 ?

Ans
✘ 1. 441
✘ 2. 444
✔ 3. 440
✘ 4. 442

www.prepp.in

Q.56 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

Prepp
Your Personal Exams Guide

| Figure 1 | Figure 2 | Figure 3 | Figure 4 | Figure 5 |
|---|---|---|---|---|
| A   B<br>C<br>D   E | D   A<br>E<br>C   B | C   D<br>B<br>E   A | E   C<br>A<br>B   D | ? |

Ans

✔ 1.

B E
D
A C

✘ 2.

D C
E
A B

✘ 3.

B E
C
A D

✘ 4.

E B
D
A C

Q.57 दी गई संख्या श्रृंखला को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न के उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(बाएं) 4 3 5 6 2 1 5 5 7 1 5 2 3 6 9 7 4 7 9 5 8 5 3 7 4 2 1 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद भी एक सम अंक है?

Ans

✔ 1. 1

✘ 2. 2

✘ 3. 3

✘ 4. 4

Q.58 A, F, J, K, P और Q एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, उसके ऊपर की मंजिल की संख्या 2 है और इसी क्रम में ऊपर बढ़ते हुए सबसे ऊपरी मंजिल की संख्या 6 है। Q और F के बीच में केवल तीन व्यक्ति रहते हैं, जबकि Q, F के नीचे रहता है। P एक विषम संख्या वाली मंजिल पर और Q के ठीक ऊपर रहता है। J, A के नीचे किसी मंजिल पर और K के ऊपर किसी मंजिल पर रहता है। J के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans

✘ 1. तीन

✔ 2. दो

✘ 3. एक

✘ 4. चार

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में, ‘SMART’ को ‘63947’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और ‘CLASS’ को ‘66189’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 3
2. 9 ✓
3. 6
4. 8

Q.60 मुकेश स्थान A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 5 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है, बाएँ मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाता है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है और स्थान P पर रुक जाता है। स्थान A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा की ओर गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
1. 5 km, उत्तर की ओर
2. 5 km, दक्षिण की ओर
3. 6 km, दक्षिण की ओर ✓
4. 6 km, उत्तर की ओर

Q.61 यदि '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तथा '9' और '3' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
2 – 6 ÷ 9 × 3 + 5 =?

Ans
1. 5
2. 13/3
3. – 9
4. – 11 ✓

Q.62 एक निश्चित तरीके से TO 5 का संबंध YT 25 से संबंधित है। उसी तरह, IT 7 का संबंध NY 49 से है। उसी तर्क का पालन करते हुए, ON 9 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
1. TS 81 ✓
2. TS 27
3. JI 81
4. JI 27

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में,
A = B का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’
A : B का अर्थ है कि ‘A, B का पुत्र है’
A * B का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’
A ? B का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S = M : A ? R * T’ है, तो S का T से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की माता
2. भाई का पुत्र
3. भाई की पत्नी ✓
4. भाई की बहन

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.64** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी नाव, स्कूटर हैं।
कुछ नाव, साइकिल हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ स्कूटर, साइकिल हैं।
(II) कुछ साइकिल, नाव हैं।

**Ans**
✔ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Q.65** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 543 984 836 478 627 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट : सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ दिया जाए, तो परिणाम कितना होगा?

**Ans**
✔ 1. 11
✘ 2. 10
✘ 3. 9
✘ 4. 8

**Q.66** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। C के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। C और D के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। E के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
✘ 1. 3
✔ 2. 2
✘ 3. 4
✘ 4. 1

**Q.67** A, B, C, D, J, K और L एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाएं से गिनने पर C और K के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J के दाएं से गिनने पर L और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K, J के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। A, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B के दाएं से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
✔ 1. A
✘ 2. D
✘ 3. L
✘ 4. K

**Q.68** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

24, 33, 51, 78, 114, ?

**Ans**
✘ 1. 161
✘ 2. 155
✔ 3. 159
✘ 4. 157

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.69 सात व्यक्ति, L, M, N, O, P, Q और R उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। Q और O के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, L के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। R, L के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। M और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. एक
✗ 3. दो
✓ 4. तीन

Q.70 यदि '+' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '–' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 + 6 ÷ 3 – 9 × 2 = ?

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 61
✗ 3. 51
✓ 4. 29

Section : **General Awareness**

Q.71 रवींद्रनाथ टैगोर ने किस वर्ष शांतिनिकेतन में एक प्रायोगिक विद्यालय की स्थापना की थी, जहां उन्होंने भारतीय और पश्चिमी परंपराओं का सर्वोत्तम मिश्रण करने का प्रयास किया था?

Ans
✗ 1. 1890
✗ 2. 1899
✗ 3. 1912
✓ 4. 1901

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग, भारत के आठ प्रमुख उद्योगों में शामिल नहीं है?

Ans
✗ 1. सीमेंट
✓ 2. वस्त्र
✗ 3. उर्वरक
✗ 4. कोयला

Q.73 1991 के बाद सब्सिडी में कटौती जैसे सुधारों से अर्थव्यवस्था का कौन-सा क्षेत्र प्रभावित हुआ?

Ans
✗ 1. पर्यटन
✗ 2. औद्योगिक क्षेत्र
✓ 3. कृषि
✗ 4. आईटी क्षेत्र

Q.74 कानपुर में विद्रोह को दबाने का कार्य करने वाला ब्रिटिश अधिकारी निम्नलिखित में से कौन था?

Ans
✗ 1. जॉन निकोलसन (John Nicholson)
✗ 2. जनरल ह्यूग रोज़ (General Hugh Rose)
✓ 3. सर कॉलिन कैम्पबेल (Sir Colin Campbell)
✗ 4. हेनरी लॉरेंस (Henry Lawrence)

Q.75 दक्षिण भारत में चोल राजवंश की शासन काल-अवधि _______ थी।

Ans
✗ 1. 7वीं-8वीं शताब्दी ई.
✓ 2. 9वीं-13वीं शताब्दी ई.
✗ 3. 4थी-5वीं शताब्दी ई.
✗ 4.
5वीं-6ठी शताब्दी ई.

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.76 भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के अनुसार, विश्व भर में पाई जाने वाली जंतु प्रजातियों का लगभग कितना प्रतिशत भारत में पाया जाता है?

Ans
✗ 1. 5%
✓ 2. 7.5%
✗ 3. 12.5%
✗ 4. 10%

Q.77 9 अगस्त 1942 को अरुणा आसफ़ अली ने किस स्थान पर निडरतापूर्वक भारतीय स्वतंत्रता का ध्वज फहराया था?

Ans
✓ 1. गोवालिया टैंक मैदान, बॉम्बे
✗ 2. रेजीडेंसी परिसर, लखनऊ
✗ 3. लाल किला, दिल्ली
✗ 4. सेलुलर जेल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

Q.78 जून 2024 में पहली बार जर्मनी में पहचाना गया XEC वैरिएंट, _____ से संबंधित है।

Ans
✓ 1. SARS CoV-2
✗ 2. चेचक विषाणु
✗ 3. HIV
✗ 4. पोलियो विषाणु

Q.79 यदि किसी चुंबकीय क्षेत्र को सीधी रेखा में गतिमान आवेश के वेग के लंबवत प्रयुक्त किया जाए, तो आवेश का प्रक्षेप पथ __________ होगा।

Ans
✗ 1. रैखीय
✓ 2. वृत्तीय
✗ 3. सर्पिल
✗ 4. दीर्घवृत्तीय

Q.80 2024 में MSME के लिए SBI के नए लॉन्च किए गए डिजिटल ऋण समाधान का नाम क्या है?

Ans
✓ 1. MSME सहज (MSME Sahaj)
✗ 2. MSME असिस्ट (MSME Assist)
✗ 3. MSME बूस्ट (MSME Boost)
✗ 4. MSME ईजी (MSME Easy)

Q.81 निम्नलिखित में से कौन-सी आर्थिक गतिविधियां मुख्यतः अनुसंधान और सूचना पर केंद्रित हैं?

Ans
✗ 1. तृतीयक
✗ 2. द्वितीयक
✗ 3. प्राथमिक
✓ 4. चतुर्थक

Q.82 निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा भारत के गवर्नर-जनरल को भारत का वायसराय बनाया गया था?

Ans
✓ 1. भारत सरकार अधिनियम, 1858
✗ 2. भारत सरकार अधिनियम, 1919
✗ 3. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909
✗ 4. भारत सरकार अधिनियम, 1935

Q.83 भारतीय संविधान की किस अनुसूची के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों एवं अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन एवं नियंत्रण हेतु प्रावधान प्रदान किए गए हैं?

Ans
✓ 1. पांचवी अनुसूची
✗ 2. सातवीं अनुसूची
✗ 3. चौथी अनुसूची
✗ 4. आठवीं अनुसूची

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.84 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 और 226 के तहत रिट क्षेत्राधिकार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
✗ 1. उच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए अनुच्छेद 226 के अंतर्गत रिट जारी कर सकते हैं।
✗ 2. अधिकार पृच्छा रिट केवल भारत के राष्ट्रपति द्वारा जारी किया जा सकता है।
✗ 3. मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करने का अधिकार केवल सर्वोच्च न्यायालय को है।
✓ 4. अनुच्छेद 32 के अंतर्गत संसद को अन्य न्यायालयों को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करने की अनुमति देने की शक्ति है।

Q.85 डॉ. जितेंद्र सिंह ने नवंबर 2024 में भारत के पहले स्वदेशी एंटीबायोटिक, नैफिथ्रोमाइसिन के सॉफ्ट लॉन्च की घोषणा की। यह एंटीबायोटिक केवल तीन खुराक के साथ एज़िथ्रोमाइसिन की तुलना में कितने गुना अधिक प्रभावी है?

Ans
✓ 1. 10x
✗ 2. 7x
✗ 3. 3x
✗ 4. 5x

Q.86 अक्टूबर 2024 में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में, प्रमुख भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार निम्नलिखित में से किन अभिनेत्रियों द्वारा साझा किया गया?

Ans
✗ 1. नित्या मेनन और साई पल्लवी
✓ 2. नित्या मेनन और मानसी पारेख
✗ 3. दीपिका पादुकोण और नित्या मेनन
✗ 4. आलिया भट्ट और मानसी पारेख

Q.87 ____________ का उपयोग डॉक्टरों द्वारा टूटी हुई हड्डियों को जोड़ने (बिठाने) के लिए किया जाता है।

Ans
✗ 1. $CuSO_4 \cdot 5H_2O$
✓ 2. $CaSO_4 \cdot 1/2H_2O$
✗ 3. $ZnSO_4 \cdot 7H_2O$
✗ 4. $ZnSO_4 \cdot 10H_2O$

Q.88 अक्टूबर 2024 को, भारत ने 31 MQ-9B प्रीडेटर ड्रोन (Predator drones) की खरीद के लिए किस देश के साथ $3.3 बिलियन के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

Ans
✗ 1. रूस
✗ 2. इजराइल
✓ 3. संयुक्त राज्य अमेरिका
✗ 4. फ्रांस

Q.89 1991 में औद्योगिक सुधारों के भाग के रूप में निजी उद्योगों को समर्थन देने के लिए कौन-सी नीति शुरू की गई थी?

Ans
✗ 1. शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक संवृद्धि को सीमित करना
✗ 2. विशिष्ट सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का सृजन
✗ 3. भारत में विदेशी कंपनियों पर प्रतिबंध
✓ 4. अधिकांश क्षेत्रों के लिए औद्योगिक लाइसेंसिंग का उन्मूलन

Q.90 अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है?

Ans
✗ 1. अनामुडी (Anamudi)
✗ 2. माउंट आबू (Mount Abu)
✗ 3. डोड्डाबेट्टा (Doddabetta)
✓ 4. गुरु शिखर (Guru Shikhar)

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.91 हिंदू धर्म की प्राचीनतम पवित्र पुस्तक ऋग्वेद की रचना किस भाषा में की गई है?

Ans
1. वैदिक पाली
2. वैदिक संस्कृत
3. देवनागरी
4. हिंदी

Q.92 अक्टूबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ग्राहक खातों की सबसे अधिक संख्या के मामले में कौन-सा भारतीय राज्य अग्रणी है?

Ans
1. गुजरात
2. महाराष्ट्र
3. राजस्थान
4. उत्तर प्रदेश

Q.93 पश्चिम बंगाल का गंगासागर मेला जो उस स्थान पर मनाया जाता है जहाँ गंगा नदी बंगाल की खाड़ी में गिरती है, किस दिन मनाया जाता है?

Ans
1. मकर संक्रांति
2. दुर्गा पूजा
3. काली पूजा
4. होली

Q.94 भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 'लू (Loo)' पवनों से प्रभावित होता है?

Ans
1. पूर्वी तट
2. सुंदरवन डेल्टा
3. थार मरूस्थल
4. मेघालय पठार

Q.95 बंद परिपथ में सभी विभव परिवर्तनों का योगफल शून्य होता है। इसे ____________ कहते हैं।

Ans
1. किरचॉफ का चौथा नियम
2. किरचॉफ का पहला नियम
3. किरचॉफ का तीसरा नियम
4. किरचॉफ का दूसरा नियम

Q.96 2024 में, यू.एस (US) के इडाहो में एक वार्षिक रक्षा अभ्यास आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भारतीय और अमेरिकी विशेष बलों के बीच सहयोग बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना था। निम्नलिखित में से कौन-सा अभ्यास (exercise) इस उद्देश्य को पूरा करता है?

Ans
1. एक्सरसाइज वज्र प्रहार
2. एक्सरसाइज कोप इंडिया
3. एक्सरसाइज युद्ध अभ्यास
4. एक्सरसाइज मालाबार

Q.97 भारतीय आर्थिक इतिहास में वर्ष 1991 महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ________की शुरुआत का प्रतीक है!

Ans
1. औद्योगिक क्रांति
2. आर्थिक सुधार और उदारीकरण
3. हरित क्रांति
4. डिजिटल क्रांति

Q.98 विंध्य पर्वतमाला किन दो प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों को अलग करती है?

Ans
1. तटीय मैदान और प्रायद्वीपीय पठार
2. हिमालय और प्रायद्वीपीय पठार
3. पूर्वी और पश्चिमी घाट
4. उत्तरी मैदान और दक्कन का पठार

Q.99 1991 में आर्थिक सुधारों के एक भाग के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सी नीति शुरू की गई थी?

Ans
1. लाइसेंस राज
2. निजीकरण
3. आयात प्रतिबंध
4. उच्च प्रशुल्क प्रणाली

Q.100 सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (AFMS) और IIT दिल्ली के बीच नवीन चिकित्सा उपकरण विकसित करने और विभिन्न क्षेत्रों में सेवारत सैनिकों के लिए विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर कब हस्ताक्षर किए गए?

Ans
1. जनवरी 2023
2. अप्रैल 2024
3. जुलाई 2024
4. मार्च 2023

Q.101 यूएस (US)-वेंचरवेल ग्लोबल इनोवेशन थ्रू साइंस एंड टेक्नोलॉजी (GIST) समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किस तिथि को किए गए?

Ans
1. 20 दिसंबर 2024
2. 15 दिसंबर 2024
3. 10 दिसंबर 2024
4. 25 दिसंबर 2024

Q.102 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारत सरकार ने निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्वत: मार्ग (Automatic route) के अंतर्गत 100% एफडीआई (FDI) की अनुमति दी है?

Ans
1. शिक्षा क्षेत्र
2. रक्षा क्षेत्र
3. विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र
4. भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र

Q.103 9वें संशोधन अधिनियम, 1960 ने किस देश के साथ समझौते के कारण भारतीय क्षेत्र में समायोजन किया?

Ans
1. नेपाल
2. चीन
3. बांग्लादेश
4. पाकिस्तान

Q.104 अगस्त 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 3.65% हो गई, जो आर.बी.आई. (RBI) के 4% के लक्ष्य से नीचे रही। खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि का मुख्य कारण क्या था?

Ans
1. प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग
2. सब्जियों, फलों और अन्य वस्तुओं की बढ़ीं कीमतें
3. अंतरराष्ट्रीय खाद्य कीमतों में उछाल
4. ईंधन की कीमतों में वृद्धि

Q.105 जनजातीय मामलों के मंत्रालय (MoTA) द्वारा किस वर्ष से राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव/कार्निवल का वार्षिक समारोह के रूप में आयोजन किया जा रहा है?

Ans
1. 2016
2. 2015
3. 2018
4. 2012

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.106 21 से 25 फरवरी 2024 तक खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024 का फेज 2 कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. औली, उत्तराखंड
- ✗ 2. लेह, लद्दाख
- ✗ 3. खजियार, हिमाचल प्रदेश
- ✓ 4. गुलमर्ग, जम्मू और कश्मीर

Q.107 खांडके पवन फार्म (Khandke Wind Farm) भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✓ 1. महाराष्ट्र
- ✗ 2. अरुणाचल प्रदेश
- ✗ 3. सिक्किम
- ✗ 4. हिमाचल प्रदेश

Q.108 ऑक्सैलिक अम्ल (Oxalic acid) निम्नलिखित में से किस रसोई सामग्री में प्राकृतिक रूप से मौजूद होता है?

Ans
- ✗ 1. दूध
- ✓ 2. पालक
- ✗ 3. सिरका
- ✗ 4. नींबू

Q.109 निम्नलिखित में से कौन-सी, स्वयं सहायता समूहों (SHG) के डिजिटलीकरण के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) की एक पायलट परियोजना है?

Ans
- ✗ 1. ई-विलेज
- ✗ 2. ई-शिक्षा
- ✓ 3. ई-शक्ति
- ✗ 4. ई-बैंकिंग

Q.110 कौन-सा क्षेत्र भारत में ग्रामीण विकास का आधार (backbone) है?

Ans
- ✗ 1. पर्यटन
- ✗ 2. आईटी क्षेत्र
- ✗ 3. विनिर्माण
- ✓ 4. कृषि

Q.111 हिंदू कैलेंडर के अनुसार सिख समुदाय का निम्नलिखित में से कौन-सा त्यौहार कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है?

Ans
- ✗ 1. बैसाखी
- ✗ 2. होला मोहल्ला
- ✓ 3. गुरु नानक जयंती
- ✗ 4. लोहड़ी

Q.112 भारत में वस्तु एवं सेवा कर (GST), किस संशोधन द्वारा लागू किया गया?

Ans
- ✗ 1. 86वें संशोधन
- ✓ 2. 101वें संशोधन
- ✗ 3. 61वें संशोधन
- ✗ 4. 52वें संशोधन

Q.113 तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य रामचरितमानस में सुंदर कांड के बाद कौन-सा कांड (कथांश) आता है?

Ans
- ✗ 1. किष्किंधा कांड
- ✗ 2. अयोध्या कांड
- ✗ 3. अरण्य कांड
- ✓ 4. लंका कांड

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.114 स्वतंत्रता के बाद 26 जनवरी 1950 को देश का प्रथम राष्ट्रपति किसे नियुक्त किया गया?

Ans
✔ 1. राजेंद्र प्रसाद
✗ 2. जवाहरलाल नेहरू
✗ 3. बी आर अंबेडकर
✗ 4. अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर

Q.115 भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा, एक संवैधानिक निकाय है?

Ans
✗ 1. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
✗ 2. केंद्रीय सूचना आयोग
✗ 3. नीति आयोग
✔ 4. भारत निर्वाचन आयोग

Q.116 1923 में गठित किस पार्टी को 'कांग्रेस के भीतर पार्टी' ('the party within the Congress') कहा गया था?

Ans
✗ 1. आज़ाद पार्टी
✗ 2. जनता पार्टी
✔ 3. स्वराज पार्टी
✗ 4. गदर पार्टी

Q.117 अगस्त 2024 में, भारत ने अंतरराष्ट्रीय जलवायु नीति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार जॉन पोडेस्टा के नेतृत्व में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की थी?

Ans
✗ 1. सूचना प्रौद्योगिकी
✗ 2. खनन
✗ 3. स्वास्थ्य
✔ 4. ऊर्जा

Q.118 भारत में प्राकृतिक संसाधनों का निष्कर्षण मुख्यतः किस क्षेत्र में होता है?

Ans
✔ 1. प्राथमिक क्षेत्र
✗ 2. द्वितीयक क्षेत्र
✗ 3. तृतीयक क्षेत्र
✗ 4. चतुर्थक क्षेत्र

Q.119 स्थिर अनुपात के नियम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ 1. ऊर्जा का निर्माण या उसे नष्ट नहीं किया जा सकता है, केवल रूपांतरित किया जा सकता है।
✗ 2. रासायनिक अभिक्रिया में अभिकारकों का कुल द्रव्यमान, उत्पादों के कुल द्रव्यमान के बराबर होता है।
✗ 3. स्थिर आयतन पर गैस का दाब, उसके तापमान के अनुक्रमानुपाती होता है।
✔ 4. किसी दिए गए रासायनिक यौगिक में हमेशा उसके घटक तत्व द्रव्यमान के अनुसार एक निश्चित अनुपात में होते हैं।

Q.120 'समान नागरिक संहिता' का उल्लेख निम्नलिखित में से किसमें किया गया है?

Ans
✗ 1. मौलिक अधिकार
✗ 2. मौलिक कर्तव्य
✔ 3. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
✗ 4. प्रस्तावना

Prepp Your Personal Exam Guide